भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2091

उत्तर देने की तारीख: 02.12.2019

एनसीईआरटी की पुस्तकों की समीक्षा

2091. डॉ. टी. आर. पारिवेन्धर:

श्री ए. गणेशमूर्तिः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद स्कूल पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफ) की समीक्षा की प्रक्रिया में है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की समीक्षा की आवश्यकता और जरूरत क्या है; और

(घ) उक्त प्रक्रिया कब तक पूरी और कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा (एनसीएफ), 2005 की समीक्षा करने के लिए उचित कदम उठाने का परामर्श दिया गया है। एनसीईआरटी ने तदनुसार, अगले पाठ्यक्रम सुधार के लिए पाठ्यक्रम मुद्दों पर आंतरिक विचार-विमर्श का आयोजन किया। तथापि, इस बीच, इस प्रयोजन हेतु गठित समिति से मसौदा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2019 प्राप्त हुई है। एनसीएफ की समीक्षा हेतु आगे की कार्रवाई नई शिक्षा नीति को अंतिम रूप देने और अनुमोदन पर निर्भर करेगी।

(ग) : मौजूदा एनसीएफ ने लगभग 14 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन वर्षों में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक मोर्चे पर बहुत सारे परिवर्तन हुए हैंजो स्कूल पाठ्यक्रम में प्रदर्शित भी होना चाहिए। इसलिए सरकार ने देश के बच्चों को प्रासंगिक शिक्षा प्रदान करने के लिए एनसीएफ को अद्यतन करने के विचार से इसकी समीक्षा का निर्णय किया है।

(घ) : पाठ्यचर्या का संशोधन नई शिक्षा नीति को अंतिम रूप देने और अनुमोदन पर निर्भर करेगा। अत: इस उद्देश्य के लिए इस स्तर पर कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

*****